# बोनट मकाक

## **स्रोत: द हिंदू**

**केरल, बोनट मकाक (मकाका रेडिएटा)**, जो एक व्यापक प्राइमेट प्रजाति है, **की बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने** और **मानव-वन्यजीव संघर्ष को न्यूनतम करने के लिये बड़े पैमाने पर नसबंदी पर** विचार कर रहा है।

## बोनट मकाक

- यह **पुरानी दुनिया के बंदरों (Old-World Monkey) की एक प्रजाति है जो पूर्वी क्षेत्र** विशेष रूप से **दक्षिणी भारत का** मूल निवासी है तथा **इसका नाम इसके सिर के शीर्ष पर बालों के कारण मिला है जो टोपी या बोनट की तरह** दिखते हैं।
- यह **पश्चिमी घाट** के **सदाबहार और शुष्क पर्णपाती जंगलों में निवास करता है** तथा **शहरी, उपनगरीय एवं कृषि क्षेत्रों में भी पाया जाता है**।



- **प्रजनन और जीवनकाल:** वे **बहु-नर, बहु-मादा समूहों में** रहते हैं। **मादाएँ 3 वर्ष तक परिपक्व होती हैं** तथा 4 वर्ष की उम्र में बच्चे को जन्म देती हैं, इनका गर्भकाल **लगभग 24 सप्ताह का होता है** और **शिशु 6-7 महीने तक दूध पीते हैं** एवं लगभग एक वर्ष तक अपनी माताओं के करीब रहते हैं।
- **व्यवहार:** वे **वृक्षवासी (अपना अधिकांश समय वृक्षों पर बिताते हैं) और स्थलीय चौपाया (चार पैरों पर चलते हैं) हैं, दिन के समय सक्रिय रहते हैं** तथा **लगभग 30 के समूह** में रहते हैं।
- **संचार:** वे शिकारियों को संकेत देने के लिये **चेतावनी (अलार्म कॉल)** सहित **दृश्य, स्पर्श और ध्वनि संचार** का उपयोग करते हैं।
  - **वे हनुमान लंगूरों** (Hanuman Langurs) और **लायन-टेल्ड मकाक** जैसे **समपैट्रिक प्राइमेट्स की चेतावनी वाली आवाज़ों को भी पहचान** सकते हैं।
- **संरक्षण की स्थिति:**
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 : अनुसूची I**
  - **IUCN : सुभेद्य**

- **भोजन:** वे **सर्वाहारी होते हैं, फल, पत्ते, कीड़े, पक्षियों के अंडे** और **छिपकलियाँ** खाते हैं। जब वे मानव बस्तियों के पास रहते हैं, तो वे भोजन, कचरा और बगीचों पर हमला करके अपने भोजन की तलाश करते हैं।

**और पढ़ें: विश्व बंदर दिवस**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bonnet-macaque-1